प्रेस नोट **पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद** **दिनांक 11.09.2024**

थाना निवाड़ी पुलिस द्वारा मोबाइल स्नैचिंग के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से स्नैचिंग का मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 07.09.2024 को थाना निवाडी पर वादिया द्वारा एक तहरीर दी कि दिनांक 07.09.2024 को ट्यूशन जाते समय मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात लडको द्वारा मेरा मोबाईल छीन कर ले गये । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना निवाडी पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना का अनावरण करने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 11.09.2024 को थाना निवाडी पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस व मैनुअल इन्पुट के माध्यम से संदिग्धों की पहचान कर उक्त घटना का सफल अनावरण किया गया तथा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1. अंकुर पुत्र राजेन्द्र निवासी जगतपुरी गली नं0 4 मोदीनगर 2. सौरभ पुत्र रोहतास निवासी हनुमानपुरी थाना मोदीनगर को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से छीना गया मोबाईल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्तो ने बताया कि दिनांक 07.09.2024 को दोपहर करीब 14.00 बजे सालेहनगर रोड से निवाडी रोड पर निवाडी कस्बे के पास एक छात्रा से मोबाईल फोन वीवो कम्पनी का छीन लिया था, उसके बाद हम दोनो निवाडी से मोदीनगर की तरफ भाग गये थे। आज हम दोनो लूटे गये मोबाईल फोन को बेचने की फिराक मे थे कि पुलिस ने हमें पकड लिया।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. अंकुर पुत्र राजेन्द्र निवासी जगतपुरी गली नं0 4 मोदीनगर, उम्र-22 वर्ष

2. सौरभ पुत्र रोहतास निवासी हनुमानपुरी, थाना मोदीनगर, उम्र -25 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

कब्जे से छीना गया 01 मोबाईल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग

उपरोक्त घटना के संबंध में थाना निवाड़ी पर 01 अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना निवाडी पुलिस टीम